पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# रूप–रंग, बॉडी इमेज और सोशल मीडिया से लैंगिक रूढ़ियों तक, बच्चियों के आत्मसम्मान को समझने के लिए शिक्षकों को तैयार कर रही योगी सरकार

## 450 मास्टर ट्रेनर्स होंगे तैयार, 100 प्रतिभागियों के दो बैच का प्रशिक्षण शुरू, पॉक्सो अधिनियम और मासिक धर्म स्वास्थ्य पर जोर

लखनऊ : 09 सितंबर, 2026

योगी सरकार बालिकाओं की शिक्षा को उनके आत्मसम्मान, सुरक्षा, गरिमा और नेतृत्व क्षमता से जोड़ते हुए विद्यालयी वातावरण को अधिक संवेदनशील बना रही है। इसी क्रम में बच्चों के आत्मसम्मान को प्रभावित करने वाले संवेदनशील मुद्दों पर शिक्षकों की समझ विकसित की जा रही है। विशेष परियोजना फॉर इक्विटी के अंतर्गत मीना मंच कार्यक्रम एवं सेल्फ–एस्टीम परियोजना के लिए आज से दो बैच में 100 प्रतिभागियों का दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण शुरू हो गया है। व्यापक रूपरेखा में कुल 450 मास्टर ट्रेनर्स को तैयार करने का लक्ष्य है।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार बालिकाओं को शिक्षा के साथ आत्मसम्मान, सुरक्षा और नेतृत्व का वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है। मीना मंच के माध्यम से शिक्षकों को तैयार करने से विद्यालयों में अधिक संवेदनशील संवाद को मजबूती मिलेगी।

महानिदेशक मोनिका रानी ने कहा कि बच्चों के आत्मसम्मान और सुरक्षित वातावरण के लिए शिक्षकों का संवेदनशील होना महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से यह समझ विद्यालय स्तर तक पहुंचाई जाएगी।

प्रशिक्षण में रूप–रंग अथवा शारीरिक बनावट को लेकर चिढ़ाने की प्रवृत्ति, स्वयं और दूसरों को केवल शरीर या रूप–रंग के आधार पर देखना, अपने शरीर और उसकी क्षमताओं को पहचानना, सोशल मीडिया का प्रभाव तथा लैंगिक रूढ़ियां प्रमुख विषय हैं। इसके लिए नव–विकसित चार कॉमिक पुस्तकों को शिक्षण संसाधन के रूप में शामिल किया गया है। इनसे बच्चों के नामांकन, नियमित उपस्थिति और विद्यालयी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के तरीकों का प्रदर्शन होगा।

प्रशिक्षण में मीना मंच के गठन, 'पॉवर एंजिल' की भूमिका और एसटीएआरएस सिद्धांत के माध्यम से सुरक्षित वातावरण में बच्चों की बात सुनने, बिना पूर्वधारणा के संवाद करने की

प्रक्रिया समझाई जा रही है। पहले दिन पॉक्सो अधिनियम पर चर्चा के माध्यम से बाल सुरक्षा के प्रमुख संदेश स्पष्ट किए गए।

दूसरे दिन संशोधित 'प्रगति के पंख' मॉड्यूल के चार नए अध्यायों, 13 सत्रों और 'अरमान' मॉड्यूल तथा अभिभावक सत्रों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही उच्चतम न्यायालय के डॉ. जया ठाकुर बनाम भारत सरकार (2026) निर्णय के निहितार्थों पर चर्चा के साथ मासिक धर्म स्वास्थ्य, सुरक्षित शौचालय, पानी, आवश्यक उत्पाद, गोपनीयता और जागरूकता जैसे विषयों पर व्यावहारिक कदम तय करने का अभ्यास कराया जाएगा।

---

सम्पर्क सूत्र– धर्मवीर खरे

अवनीश श्रीवास्तव/03:54 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225

फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,

वेबसाइट :www.information.up.gov.in